संख्या:-2007/एक-10-2024

प्रेषक,

भानु चन्द्र गोस्वामी,
विशेष सचिव,
उ0प्र0 शासन।

सेवा में,

जिलाधिकारी/जिला आपदा प्रबन्धन प्राधिकरण,
प्रयागराज।

राजस्व अनुभाग-10

लखनऊः दिनांकः 26 दिसम्बर, 2024

विषयः महाकुम्भ, 2025 के दौरान बचाव सम्बन्धी कार्यों को सम्पादित करने के लिए आपदा मित्रों, एन0सी0सी0 एवं एन0एस0एस0 स्वयंसेवकों को शीतकालीन पोशाक, भोजन व जलपान तथा उपकरण किट उपलब्ध कराये जाने हेतु राज्य आपदा मोचक निधि की प्रपेयर्डनेस एवं केपेसिटी बिल्डिंग मद-10 से धनावंटन के सम्बन्ध में।

महोदय,

उपर्युक्त विषयक राज्य आपदा प्रबन्धन प्राधिकरण के पत्र सं0-1129/रा0आ0प्र0प्रा0/2024-2025, दिनांक 02.12.2024 का कृपया सन्दर्भ ग्रहण करने का कष्ट करें, जिनके माध्यम से प्राधिकरण द्वारा महाकुम्भ, 2025 के दौरान बचाव सम्बन्धी कार्यों को सम्पादित करने के लिए आपदा मित्रों, एन0सी0सी0 एवं एन0एस0एस0 स्वयंसेवकों को शीतकालीन पोशाक, भोजन व जलपान तथा उपकरण किट उपलब्ध कराये जाने हेतु चालू वित्तीय वर्ष 2024-25 में राज्य आपदा मोचक निधि से निम्नलिखित तालिकानुसार धनराशि रू0 96.797 लाख (रू0 छियानब्बे लाख उन्यासी हजार सात सौ मात्र) जिला आपदा प्रबन्धन प्राधिकरण, प्रयागराज को आवंटित किये जाने का अनुरोध किया गया है।

| विभाग | मद | धनराशि |
|---|---|---|
| जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण, प्रयागराज | आपदा मित्र शीतकालीन पोशाक किट | ₹ 19,76,500.00 |
| | आपदा मित्र भोजन एवं जलपान हेतु | ₹ 27,00,000.00 |
| | NCC स्वयंसेवक किट | ₹ 25,01,600.00 |
| | NSS स्वयंसेवक किट | ₹ 25,01,600.00 |
| कुल अनुमानित धनराशि | | 96,79,700.00 |

2- अतः उक्त के संबंध में मुझे यह कहने का निदेश हुआ है कि दिनांक 04.12.2024 को सम्पन्न अप्रेजल कमेटी की बैठक की संस्तुति के क्रम में राज्य कार्यकारिणी समिति की बैठक दिनांक 20-12-2024 में प्राप्त अनुमोदन के दृष्टिगत वित्तीय वर्ष 2024-25 में महाकुम्भ, 2025 के दौरान बचाव सम्बन्धी कार्यों को सम्पादित करने के लिए आपदा मित्रों, एन0सी0सी0 एवं एन0एस0एस0 स्वयंसेवकों को शीतकालीन पोशाक, भोजन व जलपान तथा उपकरण किट उपलब्ध कराये जाने हेतु राज्य आपदा मोचक निधि की प्रपेयर्डनेस एवं कैपेसिटी बिल्डिंग मद-10 से धनराशि रू0 96.797 लाख (रू0 छियानब्बे लाख उन्यासी हजार सात सौ मात्र) की प्रशासकीय एवं वित्तीय स्वीकृति प्रदान करते हुए निम्नलिखित विवरण/शर्तों एवं प्रतिबन्धों के अधीन

जिलाधिकारी/जिला आपदा प्रबन्धन प्राधिकरण, प्रयागराज के निवर्तन पर रखे जाने की श्री राज्यपाल महोदया सहर्ष स्वीकृति प्रदान करती हैः-

<u>नियम व शर्तें/प्रतिबंध-</u>

(1) राज्य आपदा मोचक निधि की उक्त धनराशि का उपयोग गृह मंत्रालय (आपदा प्रबन्धन प्रभाग), भारत सरकार के पत्र संख्या-33-02/2020-NDMA-1, दिनांक 22.04.2022 द्वारा निर्गत गाइडलाइन के अनुसार किया जायेगा। जिला आपदा प्रबन्धन प्राधिकरण, प्रयागराज द्वारा यह सुनिश्चित किया जायेगा कि गाइडलाइन के किन्हीं निर्देशों का उल्लंघन न होने पाये।

(2) जिला आपदा प्रबन्धन प्राधिकरण, प्रयागराज द्वारा आपदा मित्रों, एन0सी0सी0 एवं एन0एस0एस0 स्वयंसेवकों को वितरित की जाने वाली शीतकालीन पोशाक, भोजन व जलपान तथा उपकरण किट की गुणवत्ता सुनिश्चित की जाएगी।

(3) जिला आपदा प्रबन्धन प्राधिकरण, प्रयागराज द्वारा यह सुनिश्चित किया जायेगा उक्त शीतकालीन पोशाक व उपकरण किट के क्रय के उपरान्त वितरण में पुनरावृत्ति न हो एवं भविष्य में इनकी पुष्टि के सारे साक्ष्य सुरक्षित रखे जाएं।

(4) जिला आपदा प्रबन्धन प्राधिकरण, प्रयागराज द्वारा आपदा मित्रों, एन0सी0सी0 एवं एन0एस0एस0 स्वयंसेवकों को भोजन व जलपान के वितरण में पूर्ण पारदर्शिता रखते हुए इसकी गुणवत्ता भी सुनिश्चित की जाएगी।

(5) ई-टेण्डरिंग/जेम पोर्टल के माध्यम से क्रय के सम्बन्ध में समय-समय पर निर्गत शासनादेशों में दिये गये दिशा-निर्देशों का अनुपालन किया जायेगा।

(6) राज्य आपदा मोचक निधि के क्षमता निर्माण मद से स्वीकृत धनराशि का उपभोग वित्तीय नियमों के अनुसार तथा वित्तीय हस्त-पुस्तिका/बजट मैनुअल के अनुसार किया जायेगा।

(7) जिस मद में धनराशि स्वीकृति की जा रही है, उसी मद में इस धनराशि का उपयोग किया जायेगा, किसी अन्य मद में धनराशि का डायवर्जन नहीं किया जायेगा।

(8) क्षमता निर्माण मद से निर्गत की जा रही धनराशि का उपयोग मानदेय/वेतन/ईधन/मरम्मत/अनुरक्षण में नहीं किया जायेगा एवं धनराशि के ऑडिट का दायित्व जिला आपदा प्रबन्धन प्राधिकरण, प्रयागराज का होगा।

(9) समस्त धनराशि का उपभोग दिनांक 31.03.2025 से पूर्व कर लिया जायेगा। यदि धनराशि अवशेष बचती है, तो नियमानुसार दिनांक 31.03.2025 के पूर्व समर्पित कर दी जायेगी।

(10) उक्त धनराशि का उपभोग प्रमाण पत्र वित्तीय हस्त-पुस्तिका खण्ड-5, भाग-1 के प्रस्तर-369 एच के अधीन निर्धारित प्रारूप संख्या-42 आई में शासन को तुरन्त उपलब्ध कराया जायेगा।

(11) व्यय की गयी धनराशि महालेखाकार कार्यालय में सही मदों में पुस्तांकन कराया जाये और प्रत्येक माह में महालेखाकार कार्यालय से आंकड़े समाधानित एवं सत्यापित कराकर शासन को सूचित किया जाये।

(12) राज्य आपदा मोचक निधि के सबध में समय-समय पर गृह मंत्रालय, भारत सरकार एवं एनडीएमए द्वारा जो भी दिशा-निर्देश/गाइडलाइन निर्गत किये गये है अथवा किये जायेंगे के अनुसार उक्त धनराशि का उपभोग की कार्यवाही समयबद्धरूप से सुनिश्चित की जायेगी।

**3-** इस सम्बन्ध में होने वाला व्यय रू0 96.797 लाख (रू0 छियानब्बे लाख उन्यासी हजार सात सौ मात्र) को चालू वित्तीय वर्ष 2024-2025 के आय-व्ययक में अनुदान संख्या 051 लेखा शीर्षक 2245-05-800-06-10 स्टेट डिजास्टर रिस्पांश फण्ड से व्यय-42 अन्य व्यय के नामे डाला जायेगा।

**4-** यह आदेश वित (आय-व्ययक) अनुभाग-1 के कार्यालय ज्ञाप संख्या-1/2024/बी-1-294/दस-2024--231/2024, दिनांक 04 मार्च, 2024 में प्रशासकीय विभाग को उक्तवत प्रतिनिधानित अधिकार के अंतर्गत निर्गत किये जा रहे है।

भवदीय,

(भानु चन्द्र गोस्वामी)
विशेष सचिव।

Signed by
Bhanu Chandra Goswami
Date: 26-12-2024 11:09:40

संख्याः-2007(1)/एक-10-2024, तददिनांक।

प्रतिलिपि-निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषितः-

1- महालेखाकार प्रथम/आडिट प्रथम, उ0प्र0, प्रयागराज।
2- स्टाफ ऑफिसर, मुख्य सचिव, उ0प्र0 शासन।
3- राहत आयुक्त, उ0प्र0, लखनऊ।
4- मेला अधिकारी, कुम्भ मेला, प्रयागराज।
5- अपर मुख्य कार्यपालक अधिकारी, उ0प्र0 राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण, लखनऊ।
6- विशेष सचिव/नोडल अधिकारी, बजट आवंटन (ई-बजट), राजस्व विभाग, उ0प्र0 शासन।
7- वरिष्ठ, वित्त एवं लेखाधिकारी, राहत आयुक्त संगठन, उ0प्र0।
8- कोषाधिकारी/मुख्य कोषाधिकारी, जवाहर भवन, लखनऊ।
9- वित्त (व्यय नियंत्रण) अनुभाग-5।
10- गार्ड फाइल।

आज्ञा से,

(भानु चन्द्र गोस्वामी)
विशेष सचिव।

# Allotment Grid Report

**वित्तीय वर्ष:-2024-2025**
**आवंटन दिनांक-26/12/2024**

**प्रेषण संख्या:-** 2007
**आवंटन आदेश संख्या:-** 001-2007
**अनुदान संख्या:-** 51 राजस्व विभाग (दैवी विपत्तियों के सम्बन्ध में राहत)(वित्तीय वर्ष 2024-2025 का आवंटन)
**लेखाशीर्षक:-** 2245 - प्राकृतिक विपत्ति के कारण राहत(आयोजनेत्तर-मतदेय)
05 - स्टेट डिजास्टर रेस्पान्स फण्ड
800 - अन्य व्यय
06 - स्टेट डिजास्टर रेस्पान्स फण्ड से व्यय
10 - स्टेट डिजास्टर रिस्पांश फण्ड से व्यय

**(धनराशि रु. में)**

| S.No. | अधिकारी/जनपद का नाम | | 42-अन्य व्यय | योग |
|---|---|---|---|---|
| 1 | प्रयागराज-4217-जिलाधिकारी , --01-- | वर्तमान<br>प्रगामी | 9679700<br>9729700 | 9679700<br>9729700 |
| | योग | वर्तमान<br>प्रगामी | 9679700<br>9729700 | 9679700<br>9729700 |

**महायोग-** (वर्तमान आवंटन):- रूपया छिंयानवे लाख उन्नासी हजार सात सौ

**महायोग-** (प्रगामी आवंटन):- रूपया सत्तानवे लाख उन्तीस हजार सात सौ

(संतोष कुमार)
**वरिष्ठ वित्त एवं लेखाधिकारी**

( संतोष कुमार )
वरिष्ठ वित्त एवं लेखाधिकारी
राहत आयुक्त कार्यालय
उत्तर प्रदेश।